Date	:	June 03, 2016
Publication	:	Business Standard (Hindi)

बीएस बातचीत

'जापान में मंजूरी से बढ़ा आत्मविश्वास'

ग्लैरजीन को जापान में मिली मंजूरी से बायोसिमिलर पर ध्यान केंद्रित करने के लिए देश की सबसे बड़ी बायोफार्मा कंपनी बायोकॉन का भरोसा बढ़ा है। बायोकॉन की चेयरपर्सन एवं प्रबंध निदेशक **किरण मजूमदार शॉ** के साथ **रघु बालकृष्णन** की बातचीत के मुख्य अंश:

इस साल बायोकॉन के चार बायोसिमिलर आवेदनों में क्या संभावनाएं हैं?

बायोसिमिलर की दौड़ में हम आगे हैं। यदि बाजार में अधिक भीड़भाड़ नहीं हुई तो आप अपनी क्षमता के मुताबिक हिस्सेदारी हासिल कर सकते हैं और आप मूल्य निर्धारण में संभावनाओं को अलग भुना सकते हैं। चारों बायोसिमिलर- ग्लैरजीन, ट्रैस्टुजुमैब, पेगफिल्ग्रैस्टिम और एडलिमुमैब- में 35 अरब डॉलर की बाजार संभावनाएं मौजूद हैं। हालांक बायोकॉन की नजर इन्सुलिन एनालॉग बाजार पर है। आज हर कोई ऐंटीबॉडी पर ध्यान दे रहे हैं और किसी ने भी इन्सुलिन एनालॉग में संभावनाओं पर गौर नहीं किया। लेकिन बायोकॉन एक अनोखी स्थिति में है। इस श्रेणी के व्यापक दायरे में हम संभवत: एकमात्र कंपनी हैं।

ग्लैरजीन के लिए हमें जापान में मंजूरी मिल चुकी है जबकि इलाई लिली को अमेरिका और यूरोप में मंजूरी मिली है। जापान में बायोकॉन को मिली मंजूरी से हमारा आत्मविश्वास बढ़ा है और हम अमेरिका और यूरोप में जल्द ही मंजूरी हासिल कर सकते हैं। इलाई लिली को जापान में बायोसिमिलर इन्सुलिन ग्लैरजीन के लिए मंजूरी मिली है जबकि मर्क और बोएहिंगर इंगेलहाइम भी इन्सुलिन ग्लैरजीन पर काम कर रही हैं। शीर्ष पर रहना अच्छा है क्योंकि अन्य खिलाड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियां हैं न कि जेनेरिक। ये कंपनियां अपना पोर्टफोलियो पूरा करने के लिए इन्सुलिन ग्लैरजीन विकसित कर रही हैं।

आप कब तक इन उत्पादों को बाजार में उतार देंगे?

अमेरिका और यूरोप में मंजूरी हासिल करने और समीक्षा में आमतौर पर 12 से 18 महीने लगेंगे। लेकिन जापान में (ग्लैरजीन) मंजूरी मिलने से हमारे लिए उसका बाजार खुल गया है। फिलहाल ब्राजील, रूस और तुर्की जैसे बाजारों में नियामक भारतीय आंकड़ों को नहीं मानते हैं। उन्होंने हमें कहा कि जब आप यूरोप के लिए आवेदन करेंगे तभी हमारे पास भी आइयेगा। हाल में हमें जापान में मंजूरी मिली है। मैक्सिको में हमारे साझेदार लैब पीसा को ग्लैरजीन के लिए मैक्सिको में पहले ही मंजूरी मिल चुकी है। हमारी नजर ब्राजील और लैटिन अमेरिकी बाजारों पर है जो हमारे लिए काफी बड़ा बाजार है।

क्या विकसित बाजारों में विस्तार के लिए साझेदारी जरूरी है?

साझेदारी से हमें मदद मिलती है। मायलन लागत संभाल रही है। मायलन यूरोप और अमेरिका में एक प्रमुख जेनेरिक औषधि कंपनी है। वे बाजार में अलग तरीके से अपनी पहुंच बनाने में समर्थ होंगे। उनके पोर्टफोलियो में उत्पादों की संख्या काफी अधिक है और वे हमसे बेहतर संचालन कर सकेंगे।